# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं 101, संकाय भवन) फोन नं 0512-259-7166

## नीलामी सूचना संख्या -04/2018-19

दिनांक: 04.01.2019

भा. प्रौ.सं. कानपुर निदेशक की ओर से 'जैसा है जहां है' के आधार पर संस्थान के टाइप-2 शॉपिंग सेंटर मे स्थित दुकान संख्या सी-10 में उपलब्ध सामग्री / उपकरण (आटाचक्की , विद्युत मोटर , सॉफ्ट-पूली इत्यादि) की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी गई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 24.01.2019 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 24.01.2019 को अपराह्न 3.30 बजे सम्पदा कार्यालय मे खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट http://www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह.
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

**प्रतिलिपि:**

1- उपनिदेशक
2- अध्यक्ष, सीईएमएमसी
3- सूचना पट्ट
4- वैबसाइट

**<u>पात्रता सम्बन्धी शर्तें :–</u>**

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षों से यह कार्य कर रहा हो।
2. निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।
3. जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र/घोषणा पत्र।

**<u>निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नकः</u>**

1. आधार कार्ड की प्रति
2. अनुभव प्रमाण पत्र
3. पिछले एक साल का बैंक विवरण
4. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर
5. जी0एस0टी0 नम्बर/जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र

निविदादाता के हस्ताक्षर

# नीलामी की नियम व शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक **व्यक्ति**, निविदा प्रपत्र के साथ रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** 'रजिस्ट्रार, आई. आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता रू.5,000/- का बैंक **ड्राफ्ट** बयाने की राशि के रूप में संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. नीलामी की जाने वाली समग्रियों / उपकरणों की सूची और उनके कुछ प्रतिकात्मक छायाचित्रों को **अनुलग्नक-ए** के रूप में संलग्न किया गया है जो कि संस्थान के टाइप-2 शॉपिंग सेंटर के दुकान संख्या सी-10 में उपलब्ध है। इच्छुक निविदादाता को सलाह दी जाती है कि उक्त सामग्रियों / उपकरणों का भौतिक निरीक्षण करके ही निविदा डाले।
3. इच्छुक निविदादाता सम्पदा कार्यालय मे संपर्क कर दिनांक 21. 01.2019 से 23.01.2019 तक अपराहन 03.00 से 5.00 बजे के मध्य उक्त सामग्रियों / उपकरणों का भौतिक निरीक्षण कर सकते हैं।
4. **इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को सम्पदा कार्यालय मे दिनांक 24.01.2019 को अपराहन 3.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 24.01.2019 को अपराहन 3.30 बजे सम्पदा कार्यालय (कमरा नं.101बी) में खोली जाएंगी।**
5. निविदा सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
6. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को उक्त अनुपयोगी सामागी "जैसे है जहां है" के आधार पर दी जाएगी।
7. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान मे ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान ( digital payment) के माध्यम से नीलामी के सात दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में, बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। नीलामी की उक्त सामग्री, निविदा की धनराशि संस्थान में जमा करने के उपरान्त ही ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी की धनराशि जमा करने के दो दिनो के अंदर नीलमी की सामग्रियों / उपकरणों को ले जाना अनिवार्य है। अन्यथा कि स्थिति में संस्थान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी।
8. जीएसटी @ 18% या मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी खरीददार को अतिरिक्त देय होगा।
9. आटाचक्की, विद्युत मोटर, सॉफ्ट व पूली इत्यादि उक्त दुकान में स्थापित है। सफल निविदादाता को स्वयं के व्यय पर उक्त सामग्री को निकाल कर ले जाना होगा।
10. निविदादाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी संबंधित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वापस किया जाएगा।
11. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करें अथवा न करें।

ह0
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय

---

निविदादाता के हस्ताक्षर

मैने उपरोक्त **निविदा की** सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है निविदा के सम्बन्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

निविदा देने की तारीख : ..........................

| |
|---|
| निविदादाता<br>का छायाचित्र |

______________________________

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

निविदादाता का पूरा नाम व पता

(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

______________________

निविदादाता के हस्ताक्षर

**सेवा में,**
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी **अधिकारी**, सम्पदा कार्यालय
भा.प्रौ.सं. कानपुर

विषय – **संस्थान के टाइप-2 शॉपिंग सेंटर के दुकान सं. सी-10 में उपलब्ध सामग्री की नीलामी हेतु निविदा।**

महोदय,

मै नीलामी सूचना संख्या 04/2018-19 दिनॉकः 04.01.2019 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम ..........................................................................................................

पिता का नाम ..........................................................................................................

आयु ..........................................................................................................

पूरा पता ..........................................................................................................

..........................................................................................................

क्या आपने रु.5,000/- का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप मे इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हाँ / नहीं

यदि हॉ तो ड्राफ्ट संख्या .......................... दिनॉक ..............................एवं बैंक का नाम.....................................................

**उक्त नीलामी की राशि जो आप उपरोक्त सामाग्री की खरीद हेतु देना चाहते हैं।**

(अंको मे) ..........................................................................................................

(शब्दों में) ..........................................................................................................

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओं का अस्वीकृत होना भी सम्मिलित है मान्य है।

दिनांक: ....................

निविदादाता के हस्ताक्षर: ............................................

निविदादाता का नाम: .................................................

टेलीफ़ोन/मोबाइल नं.: ..................................................

________________________
निविदादाता के हस्ताक्षर

**नीलामी की जाने वाली सामग्रियों / उपकरणों की सूची**

| क्रमांक | वस्तुएं | वस्तुओं की संख्या | क्रमांक | वस्तुएं | वस्तुओं की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आटाचक्की (बड़ी) | 01 | 2. | सॉफ्ट और पूली | 01 |
| 3. | विद्युत मोटर | 01 | 4. | आटाचक्की (छोटी) | 01 |
| 5. | तराज़ू (बड़ी) | 01 | 6. | तराज़ू (छोटी) | 01 |
| 7. | बाँट - 2 किग्रा | 01 | 8. | बाँट - 1 किग्रा | 01 |
| 9. | बाँट - 500 ग्रा | 01 | 10. | बाँट - 200 ग्रा | 01 |
| 11. | घड़ी | 01 | 12. | कड़ाही | 01 |

**नीलामी की जाने वाली सामग्रियों / उपकरणों के प्रतिकात्मक छायाचित्र**







निविदादाता के हस्ताक्षर